सायटी,

## चतुरचंद महाविद्यालय,

(कला, विज्ञान व वाणिज्य)

## बारामती, जि. पुणे

# • हिंदी दिन अहवाल •

दिनांक : 24 सितंबर, 2020

अनेकांत एज्यूकेशन सोसायटी का, तुळजाराम चतुरचंद महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा दि. 14 सितंबर, 2020 से 'हिंदी दिन सप्ताह' का आयोजन किया गया था। देश में कोरोना महामारी के बढ़ते स्वरूप इस वर्ष सप्ताह के अंतर्गत ऑनलाइन निबंध लेखन, स्वलिखित काव्य लेखन, सुलेखन आदि प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में विभाग के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के 20 छात्रों ने सहभाग दर्शाया था।

'हिंदी दिन सप्ताह' की अंतिम कड़ी के रूप में विभाग की ओर से गुरुवार, दि. 24 सितंबर, 2020 को सुबह ठीक 11.00 बजे ऑनलाइन पद्धति से 'हिंदी दिन' समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में मा. डॉ. मोहन चंद्र बहुगुणा जी (हिंदी भाषा अधिकारी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली)
तथा अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, डॉ. चंद्रशेखर मुरूमकर सर उपस्थित रहें। इस सुअवसर पर डॉ. मोहन चंद्र बहुगुणा जी ने राजभाषा हिंदी का तकनीकी क्षेत्र में महत्व, तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के सुअवसर तथा वर्तमान समय में हिंदी की तकनीकी क्षेत्र में उपयोगिता इन विषयों पर छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, "भविष्य में छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के बहुत सारे सुअवसर उपलब्ध हैं। छात्रों ने हिंदी भाषा के साथ तकनीकी ज्ञान को अवगत करना बहुत आवश्यक हैं।" इस तकनीकी शिक्षा में कंम्प्यूटर हार्डवेअर तथा सॉफ्टवेअर की जानकारी, विभिन्न प्रकार के की बोर्डस्, इंटरनेट तथा हिंदी वेबसाइटों की जानकारी आदि के संदर्भ में प्रात्यक्षिक के तौर पर पीपीटी द्वारा मार्गदर्शन किया। यह मार्गदर्शन छात्रों को रोजगार की दृष्टि से बहुत अधिक उपयुक्त सिद्ध होगा।

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE
BARAMATI
413 102
★ PUNE ★

Scanned with OKEN Scanner

इस समारोह के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, डॉ. चंद्रशेखर मुरुमकर सर जी ने अध्यक्षीय मंतव्य में वर्तमान समय में हिंदी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "आज जिस व्यक्ति के पास हिंदी भाषा के साथ–साथ तकनीकी क्षेत्र का ज्ञान पास है उनका भविष्य उज्ज्वल है। रोजगार की दृष्टि से केवल भाषा का किताबी ज्ञान होना आवश्यक नहीं है बल्कि भाषा ज्ञान का संबंध तकनीकी ज्ञान के साथ जोड़ना आवश्यक है। इस दृष्टि से शैक्षिक, सामाजिक, प्रशासनिक आदि सभी स्तरों पर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।


इस समारोह के सभी महानुभावों का स्वागत एवं प्रास्ताविक हिंदी विभाग के अध्यक्ष, डॉ. प्रदीप सरवदे जी ने, सूत्र संचालन डॉ. प्रतिभा जावळे जी ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. संदीप पवार जी ने किया। इस समारोह को संपन्न बनाने के लिए हिंदी विभाग तथा अन्य महाविद्यालय के अध्यापक, अन्य विषयों के अध्यापक और स्नातक तथा स्नातकोत्तर 56 छात्रों ने सहभाग दर्शाया। इस तरह हिंदी दिन समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

डॉ. प्रदीप सरवदे
(हिंदी विभागाध्यक्ष)


अध्यक्ष, ... तुळजाराम चतुरचंद महाविद्यालय, बारामती, जि.पुणे(413102)

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI 413 102 PUNE

# हिंदी दिन समारोह (2020–2021)




हिंदी दिवस के सुअवसर पर प्रमुख अतिथि डॉ. मोहनचंद्र बहुगुणा (हिंदी भाषा अधिकारी गृहमंत्रालय, भारतसरकार नई दिल्ली), अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, डॉ. चंद्रशेखर मुरुमकर, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सरवदे तथा विभागीय अध्यापक डॉ. प्रतिभा जावळे, डॉ. संदीप पवार।




TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE
BARAMATI 413 102
PUNE

Principal
Tuljaram Chaturchand College
Baramati

Scanned with OKEN Scanner